Title: Need to modernize the aerodrome at Gopalganj, Bihar. − Laid.

श्री अनिरूद्ध प्रसाद उर्फ साधू यादव (गोपालगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले हथुवा हवाई अड्डे की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। यह हवाई अड्डा गोपालगंज, बिहार में स्थित है, जो कई सालों से बंद पड़ा है और इस पर अनधिकृत रूप से लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। यह हवाई अड्डा नेपाल सीमा के समीप है। अतः यह देश की सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि इस हवाई अड्डे के आसपास की जमीन का अधिग्रहण करके इसका आधुनिकीकरण किया जाये, जिससे इस क्षेत्र के रहने वाले नागरिकों को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके और साथ ही देश की सीमा भी सुरक्षित रहे।